# नौलखी मंदिर-बेतवा रोड बदहाल

**खास बातें**

- आवारा मवेशियों से यातायात प्रभावित
- राजेंद्र नगर से नौलखी मंदिर मार्ग की स्थिति बिगड़ी, लोगों को रोजाना परेशानी



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा 10 अप्रैल, राजेंद्र नगर से नौलखी मंदिर होते हुए बेतवा रोड तक जाने वाला मार्ग इन दिनों गंभीर अव्यवस्थाओं से जूझ रहा है. सड़क की खराब हालत के साथ-साथ आवारा मवेशियों की बढ़ती संख्या ने आमजन की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं. स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर आए दिन यातायात बाधित होता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है.**

इस क्षेत्र में गाय, सांड और बछड़े झुंड के रूप में सड़क पर बैठे रहते हैं. कई बार ये मवेशी पूरे मार्ग को अवरुद्ध कर देते हैं, जिससे वाहन चालकों को काफी देर तक रुकना पड़ता है. स्थिति यह होती है कि वाहन चालक लगातार हॉर्न बजाते रहते हैं, लेकिन मवेशी रास्ता नहीं छोड़ते. बड़ी मुश्किल से जब मवेशी हटते हैं, तब जाकर यातायात सुचारू हो पाता है.

### सड़क की जर्जर हालत ने बढ़ाई परेशानी

इस मार्ग पर केवल मवेशी ही नहीं, बल्कि सड़क की खराब स्थिति भी बड़ी समस्या बनी हुई है. कई जगह सड़क क्षतिग्रस्त हो चुकी है और गड्ढों के कारण वाहन चलाना कठिन हो गया है. बरसात में स्थिति और अधिक खराब होने की आशंका जताई जा रही है.स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि आवारा मवेशियों की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए और सड़क की तुरंत मरम्मत कराई जाए. साथ ही गौशाला संचालकों को भी जिम्मेदार बनाया जाए ताकि मवेशियों को सड़क पर छोड़ा न जाए.लोगों का कहना है कि यदि प्रशासन, गौशाला प्रबंधन और समाज मिलकर इस समस्या पर गंभीरता से काम करें तो जल्द ही राहत मिल सकती है और यह मार्ग सुरक्षित एवं सुगम बन सकता है.

### गौशाला प्रबंधन पर भी उठे सवाल

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि कुछ गौशाला संचालक मवेशियों को खुले में छोड़ देते हैं, जिससे यह समस्या और गंभीर हो रही है. लोगों का कहना है कि यदि मवेशियों की उचित देखरेख और व्यवस्था की जाए तो इस समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है.रात्रि के समय स्थिति और भी खतरनाक हो जाती है. अंधेरे में सड़क पर बैठे मवेशी दिखाई नहीं देते, जिससे कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी हैं. यह समस्या विशेष रूप से दोपहिया वाहन चालकों के लिए अधिक जोखिमपूर्ण है.

# 6 घंटे में रायसेन से नाबालिग बालिका सकुशल दस्तयाब

**मामले में एक आरोपी गिरफ्तार**

**ऑपरेशन मुस्कान के तहत की कार्यवाही**

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज 10 अप्रैल, ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत विदिशा पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालिका को मात्र 6 घंटों में सकुशल दस्तयाब कर परिजनों के सुपुर्द किया गया.**

जिले में गुमशुदा, अपहृत बालक बालिकाओं एवं अन्य गुम इंसानों की शीघ्र दस्तयाबी हेतु पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन में लगातार अभियान संचालित किया जा रहा है. इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अमरेश बोहरे के मार्गदर्शन में थाना मुरवास पुलिस द्वारा विशेष टीम गठित कर कार्यवाही की गई. जानकारी के अनुसार गत दिवस एक नाबालिग बालिका के घर से लापता होने की सूचना प्राप्त हुई. सूचना पर तत्काल संज्ञान लेते हुए प्रकरण पंजीबद्ध कर गुमशुदा की तलाश प्रारंभ की गई. घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए उसी दिन रायसेन जिले की गौहरगंज तहसील के ग्राम आलमपुर से बालिका को सकुशल बरामद किया गया एवं सुरक्षित परिजनों को सुपुर्द किया गया.

### बच्ची को परिजनों को सौंपा गया

एक मामले में बालिका ने बताया कि आरोपी द्वारा उसे शादी का झांसा देकर अपने साथ ले जाया गया था. इस आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को हिरासत में ले लिया.बालिका को सुरक्षित रूप से उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है तथा उसकी सुरक्षा एवं देखरेख हेतु आवश्यक समझाइश दी गई है.इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक लक्ष्मण डावर, सहायक उप निरीक्षक संतोष गौड़, प्रधान आरक्षक संजेश दुबे, आरक्षक रवि जाट, संदीप मौर्य, मर्दन भील, ऋषिकेश, गुलशन, हेमंत लोधी, महिला आरक्षक रेखा भील एवं सैनिक अतुल की सराहनीय भूमिका रही.'ऑपरेशन मुस्कान' के प्रभावी क्रियान्वयन के तहत विदिशा पुलिस द्वारा वर्ष 2025-2026 में अब तक 393 से अधिक गुमशुदा एवं अपहृत बालिकाओं को सुरक्षित दस्तयाब कर उनके परिजनों से मिलवाया जा चुका है.

**एक नजर में**

## रक्तदान शिविर में 15 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** शासकीय आईटीआई विदिशा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. यह कैम्प जिला अस्पताल विदिशा द्वारा लगाया गया था. इस कैम्प में आईटीआई के छात्रों एवं स्टाफ के द्वारा रक्तदान में हिस्सा लिया गया.प्रारंभिक जांच के बाद कुल 15 यूनिट रक्त का दान किया गया है। इस शिविर के सफल आयोजन के बाद ब्लड सेंटर अधिकारी द्वारा शासकीय आईटीआई का आभार व्यक्त किया गया एवं आगामी समय में जिले की अन्य आईटीआई में भी शिविर लगाने हेतु कार्ययोजना तैयार की गई.

## ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के पंजीयन जारी

**नवभारत न्यूज**

**विदिशा,** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान विदिशा द्वारा विद्यार्थियों के कौशल विकास एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण के लिए पंजीयन प्रक्रिया जारी है। प्रशिक्षण 21 अप्रैल 2026 से 23 मई 2026 का आयोजन किया जाएगा.इस ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण में विभिन्न विषयों जैसे बेसिक कंप्युटर कोर्स, डोमेस्टिक वेल्डर कोर्स एवं बेसिक ऑटोमोबाईल रिपेयर विषयों में अल्पकालीन प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा.प्रशिक्षण के दौरान विद्यार्थियों को प्रायोगिक ( प्रैक्टिकल) ज्ञान के साथ-साथ आधुनिक तकनीकों की जानकारी भी दी जाएगी.

# हत्या के आधा दर्जन आरोपी आजीवन कारावास तथा अर्थ दंड से हुए दंडित

**नवभार न्यूज**

**कुरवाई,न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश आनंद गौतम कुरवाई के न्यायालय में पठारी थाना क्षेत्र के हत्या के आधा दर्जन आरोपियों को आजीवन कारावास तथा अर्थदंड से दंडित किया गया है. आरोपीगण के विरुद्ध थाना पठारी जिला विदिशा में मामला कायम होकर न्यायालय में चालान प्रस्तुत हुआ था.**

सहायक लोक अभियोजन अधिकारी राघवेन्द्र सिंह दांगी ने बताया कि आरोपीगण ने एक राय होकर जान से मारने की नियत से विशवनाथ सिंह यादव के साथ मारपीट की थी जिससे विशवनाथ यादव की मृत्यु हो गई थी. अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्षियों एवं चश्मदीद गवाहों के बयानों से सहमत होते हुए न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कुरवाई ने सभी आरोपियों को दोषी पाया.न्यायालय ने आरोपी 1. राजा बाबू दांगी 2. लीलाधर दांगी 3. कुंवर सिंह दांगी 4. रविंद्र दांगी 5. नारायण सिंह दांगी 6. प्रेम सिंह पटेल निवासी जाजपोन थाना पठारी जिला विदिशा को आजीवन कारावास की सजा सुनाई तथा प्रत्येक पर 10000 रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है.

# नगर के प्रवेश द्वार पर नि :शुल्क जल सेवा का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,भीषण गर्मी को देखते हुए मानव अधिकार सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संगठन भारत द्वारा नगर में नि:शुल्क जल सेवा का शुभारंभ किया गया. यह सेवा पिछले 15 वर्षों से निरंतर संचालित की जा रही है. कार्यक्रम का आयोजन सिरोंज रोड स्थित कमलदीप अकादमी परिसर में हुआ.**




कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ की गई. इसके बाद समाजसेवियों का पुष्पमाला एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया. इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्यासे को पानी पिलाने से बड़ा कोई उपकार नहीं होता और भीषण गर्मी में इस तरह की सेवा अत्यंत पुण्यदायी है.जल सेवा का शुभारंभ संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ए के जैन ने किया. फीता काटकर उद्घाटन जिला अध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी, जिला सलाहकार हरी बाबू अग्रवाल, महेंद्र सिंह सूर्यवंशी, राम गोपाल गुप्ता, डॉ एस के सेन, भगवान दास साहू एवं जिला प्रभारी नीलेश जैन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया. पूर्व प्राचार्य रघुवंशी, विशाल तनवानी, शिक्षाविद निर्मल कुमार जैन, संस्था प्राचार्य सत्यम शर्मा, अनिल शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, मुकेश जैन सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे. कार्यक्रम का संचालन व्यापार प्रकोष्ठ के सुरेश तनवानी ने किया जबकि अंत में आभार निर्मल कुमार जैन ने व्यक्त किया.

# श्री बिजासन माता मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा**,श्री बिजासन माता मंदिर बड़े रोड पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन दिनांक 10.04.2026 से प्रारंभ किया गया. आयोजन के तहत आज मां शीतला माता मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई, जो नगर भ्रमण करते हुए श्री बिजासन माता मंदिर पहुंची, जहां भगवान की स्थापना की गई.

श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिवस पर पंडित सुनील शास्त्री द्वारा भागवत भजन के साथ कथा का शुभारंभ किया गया. आचार्य श्री ने अपने प्रवचन में बताया कि कथा का आयोजन क्यों किया जाता है और इसके क्या लाभ हैं. उन्होंने कहा कि मनुष्य को प्रात: काल उठकर भगवान के भजन से अपने जीवन में नई ऊर्जा का संचार करना चाहिए तथा धर्म के मार्ग पर चलकर आध्यात्मिक शक्तियों को अर्जित करना चाहिए.कथा के दौरान धर्म और विज्ञान के समन्वय पर भी प्रकाश डाला गया. उन्होंने बताया कि सनातन परंपराओं का पालन नियम और संयम के साथ करने से मानव जीवन धन्य होता है. साथ ही अमृतमयी कथा का महत्व बताते हुए कहा कि यह केवल कथा नहीं बल्कि जीवन को श्रेष्ठ बनाने का माध्यम है.प्रवचन में भगवान शिव द्वारा माता पार्वती को अमृत कथा सुनाए जाने का प्रसंग भी सुनाया गया और उसे जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया.कार्यक्रम में मुख्य यजमान के रूप में श्री राजकुमार ठाकुर एवं पप्पू जी उपस्थित रहे.



## विधायक के जन्मदिन पर शपथ लेकर लगाए पौधे

**नवभारत न्यूज**

**पठारी,**भारतीय जनता पार्टी के कुरवाई विधायक हरि सिंह सप्रे के जन्मदिन के अवसर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान विधायक ने कार्यकर्ताओं को शपथ दिलाकर पौधारोपण कराया.

मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह ठाकुर ने बताया कि विधायक हरि सिंह सप्रे का जन्मदिन पठारी मंडल में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. कार्यकर्ताओं ने विभिन्न स्थानों पर फूलमाला पहनाकर एवं केक काटकर जन्मदिन मनाया.इस दौरान विधायक हरि सिंह सप्रे ने ग्राम पंचायत भलवामोरा में कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण किया. उन्होंने कहा कि प्रत्येक बूथ पर एक पौधा अवश्य लगाया जाए और उसकी सुरक्षा एवं देखरेख करने की शपथ भी दिलाई.कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष बलवीर सिंह ठाकुर, विनोद जैन, राकेश सिंघई, अरुण सहेले, अखिलेश पंथी, विनय चौधरी, शैलेंद्र चौधरी, विमल कुमार जैन, नईम कुरैशी, संजय सिंह चौहान सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे.

## विधायक हरि सिंह सप्रे के जन्मदिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**कुरवाई,**स्थानीय विधायक हरि सिंह सप्रे के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुरवाई में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. इस पुनीत कार्य में क्षेत्रीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मानवता की सेवा के लिए स्वैच्छिक रक्तदान किया.शिविर का मुख्य आयोजन विधायक हरि सिंह सप्रे के सुपुत्रों ऋषि सप्रे, अंकित सप्रे और अक्षय सप्रे के नेतृत्व में किया गया. उनके आह्वान पर बड़ी संख्या में युवा अस्पताल पहुंचे और रक्तदान किया. शिविर का शुभारंभ विधिवत पूजन के साथ किया गया तथा विधायक के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की गई.सुबह से ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में युवाओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं. आयोजकों ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है और इसे सेवा संकल्प के रूप में मनाना एक प्रेरणादायी पहल है.

# सड़क निर्माण और आधुनिक खेती से ग्रामीणों का हो रहा विकास : विधायक



**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,विकसित भारत के निर्माण के लिए चौमुखी विकास किया जा रहा है, जिसमें ग्रामीण एवं किसान विकास पर विशेष जोर दिया जा रहा है. कृषि प्रधान भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए किसानों को आधुनिक एवं उन्नत खेती के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है.**

उक्त उद्गार गंजबासौदा विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने सड़क निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए व्यक्त किए. उन्होंने कहा कि खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए सरकार विभिन्न योजनाएं संचालित कर रही है और किसानों को प्रशिक्षण भी प्रदान कर रही है.विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने ग्राम पवई से ग्राम हिरनोंदा तक लगभग आधा किलोमीटर लंबी सड़क का भूमि पूजन किया, जिसका निर्माण लगभग 43.50 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा. वहीं ग्राम करारी से करौंदा खुर्द तक तीन किलोमीटर लंबी सड़क का भूमि पूजन भी किया गया, जिसका निर्माण 2 करोड़ 83 लाख रुपए की लागत से होगा.इन सड़कों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों को मुख्य मार्गों और शहरों से जोड़ने में मदद मिलेगी, जिससे विकास को गति मिलेगी. इस अवसर पर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान एवं विधायक हरि सिंह रघुवंशी का आभार व्यक्त किया.

### रायसेन कृषि मेला किसानों के लिए गेम चेंजर

विधायक हरि सिंह रघुवंशी ने 11 से 13 अप्रैल तक जिला रायसेन में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय कृषि मेले को किसानों के लिए गेम चेंजर बताया. उन्होंने कहा कि इस मेले में किसानों को आधुनिक खेती, उन्नत तकनीक और खेती को लाभकारी बनाने के लिए नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा.मेले में बीज, खाद, फसल उत्पादन के आधुनिक तरीकों के साथ-साथ ड्रोन के माध्यम से बीज एवं दवा छिड़काव का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा. साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न कृषक हितैषी योजनाओं की जानकारी और लाभ भी उपलब्ध कराया जाएगा.विधायक ने ग्रामीणों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में रायसेन कृषि मेले में पहुंचकर इसका लाभ उठाएं और कार्यक्रम को सफल बनाएं.



## सांसद संजय सिंह से मिले आप नेता

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** उत्तरप्रदेश में आम आदमी पार्टी द्वारा निकाली जा रही रोजगार दो, सामाजिक न्याय दो पदयात्रा के दौरान सांसद संजय सिंह से आप के जिले के जिला सचिव रजत सक्सेना ने मुलाकात की. इस दौरान उन्होंने सांसद संजय सिंह को क्षेत्र की पार्टी की गतिविधियों एवं प्रमुख समस्याओं को बताया और संगठन को मजबूत करने तथा विस्तार को लेकर मार्गदर्शन प्राप्त किया.

# समय सीमा में चना, मसूर एवं गेहूं की तुलाई करने की मांग

**नवभारत न्यूज**

**गंजबासौदा,किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर जन संगठन द्वारा सरकार के नाम ज्ञापन सौंपकर चना, मसूर एवं गेहूं की समय सीमा में तुलाई कराने की मांग की गई. किसानों ने कहा कि समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की तारीख बार-बार बढ़ाए जाने से किसानों में रोष व्याप्त है और उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है.**

ज्ञापन में बताया गया कि एक ओर सरकार किसानों की आय बढ़ाने की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर खरीदी प्रक्रिया में देरी से किसानों को परेशान होना पड़ रहा है. सहकारी बैंकों द्वारा 0 प्रतिशत ब्याज पर लिए गए ऋण की ड्यू डेट 28 मार्च के बाद नहीं बढ़ाई गई, जबकि गेहूं खरीदी की तारीख 10 अप्रैल तक बढ़ा दी गई. इससे किसानों पर 7 प्रतिशत ब्याज एवं 14 प्रतिशत दंड का अतिरिक्त बोझ पड़ गया है, जिससे लगभग 60 प्रतिशत किसान डिफॉल्टर हो गए हैं.किसानों ने यह भी बताया कि पिछले वर्ष डिफॉल्टर किसानों को ब्याज राशि वापस करने का वादा किया गया था, जो अब तक पूरा नहीं हुआ है. वहीं गेहूं की पराली जलाने पर किसानों पर एफआईआर दर्ज करने को गलत बताते हुए कहा गया कि जब तक सरकार पराली के निपटान का स्थायी समाधान नहीं करती, तब तक किसानों पर कार्रवाई नहीं की जानी चाहिए.ज्ञापन में इस वर्ष गेहूं के बंपर उत्पादन को देखते हुए प्रति बीघा 11 क्विंटल के हिसाब से समर्थन मूल्य पर खरीदी करने की मांग की गई. साथ ही बारदान की कमी बताकर खरीदी कम किए जाने के प्रयास को किसान विरोधी बताया गया.इसके अलावा ग्रीष्मकालीन मूंग खरीदी के लिए शीघ्र पंजीयन शुरू करने, तुलाई केंद्रों की संख्या बढ़ाने, धर्मकांटा से तुलाई कराने तथा खेतों में लटक रहे बिजली के तारों को ठीक कराने की मांग भी उठाई गई.इस दौरान तहसील अध्यक्ष भगत सिंह रघुवंशी, तहसील मंत्री भवानी शंकर शर्मा, जिला कार्यकारिणी सदस्य पूरन सिंह रघुवंशी, देवेंद्र सिंह रघुवंशी, लोकेन्द्र सिंह रघुवंशी आदि उपस्थित रहे.

## युवा संगम अंतर्गत रोजगार, स्वरोजगार मेला का आयोजन 13 अप्रैल को

**नवभात न्यूज**

**विदिशा,** शासकीय (आईटी आई) औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था विदिशा एवं जिला रोजगार कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में सोमवार 13 अप्रैल 2026 की प्रात: 11 बजे से शासकीय आईटीआई विदिशा में युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार मेला का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में प्रदेश स्तर की प्रतिष्ठित कंपनी जिला धार एवं अन्य प्रतिष्ठान भी भाग ले रहे हैं। इस रोजगार मेले में भाग लेने हेतु सभी इच्छुक युवक-युवतियां शासकीय आईटीआई विदिशा में प्रात: 11 बजे उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ उठाएं.



## सदियों पुरानी परंपरा आज भी जीवंत

**नवभारत न्यूज**

**हैदरगढ़,**ग्राम मदनई में वर्षों पुरानी परंपरा आज भी जीवंत है. यह परंपरा होली के फाग के झंडा से जुड़ी हुई है. होली के दूसरे दिन झंडा बजरंगबली के नाम से गाड़ा जाता है.बैसाख के प्रथम गुरुवार को इस दिन फाग का झंडा निकाला जाता है और लट्ठमार होली के रूप में मनाया जाता है. इसमें गांव क्षेत्र के सभी लोग सम्मिलित होते हैं और इस परंपरा का आनंद लेते हैं.ग्रामीणों द्वारा इस वर्षों पुरानी परंपरा को आज भी जीवंत बनाए रखा गया है.

**निरीक्षण** | **सांची सहित आसपास के केंद्रों का निरीक्षण, किसानों से की चर्चा**

# औचक निरीक्षण में कलेक्टर ने परखी गेहूं खरीदी केंद्रों की व्यवस्थाएं

**नवभारत न्यूज**

**सांची,जिले में चल रही गेहूं खरीदी व्यवस्था का जायजा लेने के लिए कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा ने गुरुवार को सांची नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में स्थापित तुलाई केंद्रों का औचक निरीक्षण किया.**



निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने केंद्रों पर तुलाई व्यवस्था, भंडारण एवं अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए. उन्होंने एसजीएज वेयरहाउस स्थित शासकीय खरीदी केंद्र सांची का भी निरीक्षण किया.इस दौरान कलेक्टर ने उपस्थित किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं जानीं और फीडबैक लिया. निरीक्षण के दौरान वे व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए.इसके अलावा कलेक्टर ने सलामतपुर, बेरखेड़ी सहित अन्य खरीदी केंद्रों का भी निरीक्षण किया और गेहूं की गुणवत्ता का अवलोकन कर व्यवस्थाओं को दुरुस्त बनाए रखने के निर्देश दिए.निरीक्षण के दौरान जिला सहकारी बैंक के श्री बाघमारे, आकाशदीप सिंह चौहान (विस्तार अधिकारी), श्रीमती पूनम भट्टी, सांची सहकारी समिति प्रबंधक नरेश राजपूत, सलामतपुर समिति प्रबंधक कुंवर सिंह दांगी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे.प्रशासन की इस सक्रियता से खरीदी केंद्रों पर व्यवस्थाएं बेहतर और सुचारू बनाए रखने का भरोसा मजबूत होता नजर आ रहा है.

## विधायक के जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**नवभारत न्यूज**

**सिरोंज,** क्षेत्र के ग्राम बरेज में जन अभियान परिषद से संबद्ध संस्था सर्व धर्म जन कल्याण सेवा समिति द्वारा विधायक हरिसिंह सप्रे के जन्मदिन पर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया. इस अवसर पर पीएम श्री विद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया. जहां विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों ने मिलकर एक दर्जन पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प लिया. विद्यालय के प्राचार्य संतोष जैन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है. हम अपने जीवन के खास पलों को प्रकृति को समर्पित करें, तो यह धरती फिर से हरी-भरी हो सकती है. कार्यक्रम के दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ भी किया गया. गर्मी को देखते हुए गांव में ठंडे पानी के लिए मटकों की व्यवस्था की गई. जिससे राहगीरों और ग्रामीणों को राहत मिल सके. कृषि एवं ग्रामीण मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष मोहन रघुवंशी ने भी विद्यार्थियों को पर्यावरण और जल संरक्षण का महत्व समझाते हुए कहा कि हर व्यक्ति को अपने घर-परिवार के शुभ अवसरों पर वृक्षारोपण करना चाहिए. इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष प्रमोद रघुवंशी, छात्र-छात्राएं, विद्यालय स्टाफ और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे.

